# प्रधानमंत्री-स्वनिधि योजना में मध्य प्रदेश देश में प्रथम

## चर्चा में क्यों?

10 नवंबर, 2021 को मध्य प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री-स्वनिधि योजना में मध्य प्रदेश ने केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2021-22 के लिये दिये गए लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## प्रमुख बिंदु

- उन्होंने बताया कि योजना में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 4 लाख 5 हज़ार पथ-विक्रेताओं को लाभान्वित किया जा चुका है।
- उल्लेखनीय है कि कोविड-19 से प्रभावित अर्थव्यवस्था में विशेषरूप से पथ-विक्रेताओं का बुरा हाल था। इन्हें पुन: अपना रोज़गार स्थापित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 जुलाई, 2020 को पीएम-स्वनिधि योजना शुरू की गई थी। इसमें पथ-विक्रेताओं को ब्याज मुक्त 10 हज़ार रुपए का ऋण दिया जाता है।
- योजना में 10 हज़ार रुपए के ऋण को अदा करने वाले पथ-विक्रेताओं को द्वितीय चरण में 20 हज़ार और फिर 50 हज़ार रुपए का ऋण स्वीकृत किये जाने का प्रावधान है। द्वितीय चरण के क्रियान्वयन में भी मध्यप्रदेश देश में अव्वल है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-first-in-the-country-in-prime-minister-svanidhi-yojana